18 मार्च 2026

बुधवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



एलपीजी आपूर्ति पर प्रशासन सख्त : 27 एजेंसियों की जांच, लाइन लगाकर सिलेंडर वितरण पर पूर्ण रोक

2



## एक नजर

### 10 सीट भी नहीं जीत पाएगी भाजपा: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल्ली में विधानसभा चुनाव कराने की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि अगर अभी चुनाव करा दिए जाएं तो भारतीय जनता पार्टी 10 सीटें भी नहीं जीत पाएगी, जबकि आप 60 से अधिक सीटें हासिल करेगी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, आम आदमी पार्टी ने अग्निपरीक्षा को सफलतापूर्वक पास कर ली है। उन्होंने कहा, आप का नेतृत्व अग्निपरीक्षा से निकलकर आया है। इतिहास गवाह है कि जब हम सच्चाई के मार्ग पर चलते हैं, तो अग्निपरीक्षा देनी पड़ती है। सच्चाई के मार्ग पर चलना आसान नहीं है। आप को पिछले 4-5 वर्षों में बदनाम करने की कोशिश की गई है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, आम आदमी पार्टी ने अग्निपरीक्षा को सफलतापूर्वक पास कर ली है। उन्होंने कहा, आप का नेतृत्व अग्निपरीक्षा से निकलकर आया है।

### गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर अवकाश की मांग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती प्रकाश पर्व को राष्ट्रीय छुट्टी घोषित करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि वह ऑल इंडिया शिरोमणि सिंह सभा की याचिका पर विचार करने के पक्ष में नहीं है। इस याचिका में देश में सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी करने की भी मांग की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह याचिकाकर्ता संगठन की ओर से पेश हुए, उन्होंने तर्क दिया कि वर्तमान में सार्वजनिक छुट्टियों की कोई स्पष्ट नीति नहीं है। उन्होंने कहा कि छुट्टियों के निर्णय में निश्चितता होनी चाहिए और राजनीतिक उद्देश्यों से प्रभावित नहीं होना चाहिए।याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई थी कि दसवें सिख गुरु 'गुरु गोबिंद सिंह जी' के प्रकाश पर्व को पूरे भारत में सार्वजनिक छुट्टी घोषित किया जाए।

# सीएपीएफ अफसरों की पदोन्नति पर संकट: 16 साल बाद भी नहीं मिला पहला प्रमोशन

- 13 सालों की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 23 मई 2025 को सुप्रीम कोर्ट से हमारे फेवर में फैसला आया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सीएपीएफ यानी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में शामिल सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी में इन दिनों कैडर अधिकारियों और आईपीएस अधिकारियों का डेपुटेशन पर आकर बल पर काबिज होने का मामला गमार्या हुआ है। सीएपीएफ बलों के अधिकारियों का कहना है कि सीएपीएफ में भर्ती होने वाले डायरेक्ट असिस्टेंट कमांडेंट अधिकारियों को पहला प्रमोशन मिलने में 16 साल से अधिक का वक्त लग रहा है। जबकि यहीं आईपीएस अधिकारी इतने सालों में डीआईजी बन जाते हैं। सीएपीएफ कैडर अधिकारियों के साथ यह भेदभाव सही नहीं है। इसी मामले को लेकर एनबीटी बता रहा है कि आखिर क्या है यह पूरा मामला और वर्तमान में इसमें क्या चल रहा है।सीएपीएफ में मुख्य विवाद कैडर अधिकारियों के देरी से होने वाले प्रमोशन और आईपीएस अधिकारियों के डेपुटेशन से जुड़ा हुआ है। मसला लंबे समय से चल रहा है, लेकिन मार्च 2026 से यह फिर से गर्मा गया है। सीएपीएफ अधिकारियों के इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने वाले अलायंस ऑफ ऑल एक्स-पैरा-मिलिट्री फोर्सेज असोसिएशन के अध्यक्ष और सीआरपीएफ से रिटायर्ड एडीजी एच. आर. सिंह का कहना है कि करीब 13 सालों की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 23 मई 2025 को सुप्रीम कोर्ट से हमारे फेवर में फैसला आया। इसके बावजूद सरकार ने रिव्यू पिटीशन दायर कर दी। जिसे चीफ जस्टिस की पीठ ने 28 अक्टूबर, 2025 को निराधार मानते हुए खारिज कर दिया। फिर भी गृह मंत्रालय ने निर्धारित छह महीने की अवधि में निर्णय को लागू करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया।परिणामस्वरूप, सीएपीएफ अधिकारियों को अवमानना याचिका दायर करनी पड़ी। जिसकी सुनवाई 10 फरवरी और 10 मार्च 2026 को हुई। अंतिम सुनवाई के दिन अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने एक हलफनामा प्रस्तुत कर बताया कि सरकार वैधानिक हस्तक्षेप पर विचार कर रही है।

### 16 साल बाद भी पहला प्रमोशन नहीं

बीएसएफ से रिटायर एडीजी संजीव कृष्ण सूद का कहना है कि यहां सीएपीएफ बलों में कैडर अधिकारियों के प्रमोशन की स्थिति बहुत खराब है। हालत यह है कि यहां 16 साल की सेवा पूरी करने के बाद भी असिस्टेंट कमांडेंट के रूप में भर्ती हुए अधिकारियों को उनका पहला प्रमोशन तक नहीं मिल सका है। जिससे की वह डिप्टी कमांडेंट तो बन सकें। जबकि, यहीं 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी, जिनकी सेवा अवधि लगभग 14 वर्ष है। वह डीआईजी तक बन गए और सीधे डीआईजी के पद पर तैनात किए जा रहे हैं। करीब 13 हजार कैडर अधिकारी विभिन्न रैंकों पर गंभीर पदोन्नति ठहराव का सामना कर रहे हैं।

# वरुण गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात



**एजेंसी। नई दिल्ली**

वरुण गांधी ने पीएम मोदी से मुलाकाते यह सवाल इसलिए उठ रहे है क्योंकि, पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान होते ही बीजेपी के पूर्व सांसद वरुण गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वरुण गांधी ने 17 मार्च को एक्स पर पीएम मोदी के साथ मुलाकात की तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में पीएम मोदी के साथ वरुण गांधी, उनकी पत्नी और बेटी भी हैं। वरुण गांधी ने अपने ट्वीट में लिखा, "परिवार सहित श्रद्धेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलकर उनका आर्शीवाद और मार्गदर्शन पाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आपके आभामंडल में अद्भुत पितृवत स्नेह और संरक्षण का भाव है। आपसे हुई भेंट इस विश्वास को और भी दृढ़ बना देती है कि आप देश और देशवासियों के सच्चे अभिभावक हैं।

## भारतीय जहाज शिवालिक 46 हजार टन गैस लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचा

# भारतीय जहाज शिवालिक 46 हजार टन गैस लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचा



- फारस की खाड़ी से अरब सागर को जोड़ने वाले अहम समुद्री रास्ते होर्मुज से होकर भारत पहुंचा
- दुनिया भर में तेल और गैस की करीब 20 प्रतिशत आपूर्ति इसी समुद्री रास्ते से गुजरती है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही पर संकट के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। एलपीजी गैस लेकर आने वाला भारतीय जहाज शिवालिक सुरक्षित तरीके से गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंच गया है। इस जहाज के सुरक्षित पहुंचने को ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से अहम माना जा रहा है, क्योंकि हाल के दिनों में क्षेत्र में तनाव के कारण समुद्री मार्ग पर जोखिम बढ़ गया था। यह एलपीजी टैंकर रविवार शाम करीब पांच बजे मुंद्रा पोर्ट पहुंचा। जहाज लगभग 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आया है। यह गैस भारत के घरेलू आपूर्ति नेटवर्क में भेजी जाएगी। शिवालिक एक बहुत बड़ा गैस वाहक जहाज है, जिसे शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया संचालित करता है। यह जहाज फारस की खाड़ी से अरब सागर को जोड़ने वाले अहम समुद्री रास्ते होर्मुज से होकर भारत पहुंचा।

### होर्मुज जलडमरूमध्य इतना महत्वपूर्ण

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम ऊर्जा मार्गों में से एक माना जाता है। दुनिया भर में तेल और गैस की करीब 20 प्रतिशत आपूर्ति इसी समुद्री रास्ते से गुजरती है। इसलिए इस मार्ग पर किसी भी तरह का तनाव पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर सकता है। भारत भी अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए इस समुद्री रास्ते पर काफी हद तक निर्भर है।

### ईरान ने भारतीय जहाजों की अनुमति

तनाव के बीच ईरान ने दो भारतीय जहाजों को होर्मुज से गुजरने की अनुमति दी। इनमें शिवालिक और नंदा देवी नाम के एलपीजी टैंकर शामिल हैं। दोनों जहाज करीब 92,700 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर भारत के लिए रवाना हुए थे। अधिकारियों के मुताबिक दोनों जहाज सुरक्षित तरीके से जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं और भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़े।

### भारत की ऊर्जा आपूर्ति के लिए जहाज

भारत में घरेलू और व्यावसायिक उपयोग के लिए एलपीजी की बड़ी मांग रहती है। ऐसे में इन जहाजों का समय पर पहुंचना बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शिवालिक के मुंद्रा पोर्ट पहुंचने के बाद गैस उतारने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी और इसे देश के एलपीजी वितरण नेटवर्क में भेजा जाएगा। वहीं दूसरा जहाज नंदा देवी 17 मार्च को कांडला पोर्ट पहुंचने की संभावना है। पश्चिम एशिया में हाल के दिनों में तनाव काफी बढ़ गया है। फरवरी के अंत में अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर सैन्य हमले किए थे। इसके बाद ईरान ने जवाबी चेतावनी देते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को लेकर सख्त रुख अपनाया था। इस कारण कुछ समय के लिए जहाजों की आवाजाही कम हो गई थी और कई टैंकरों ने इस रास्ते से गुजरने से परहेज किया।

# विधानसभा चुनाव की तैयारी: निर्वाचन आयोग ने तैनात किए 1111 पर्यवेक्षक



**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली देश के चार राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश में अगले महीने विधानसभा के चुनाव होने हैं। इस चुनाव के चलते तेज होती राजनीति के बीच अब चुनाव आयोग ने भी बड़ा एलान किया है। आयोग ने बताया कि अगले महीने होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव और कुछ राज्यों में उपचुनाव के लिए 1,111 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। बता दें कि इस बार विधानसभा चुनाव पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुडुचेरी में होने हैं। इसके अलावा कई राज्यों में अप्रैल में विधानसभा उपचुनाव भी आयोजित होंगे। चुनाव आयोग ने कहा कि ये पर्यवेक्षक चुनाव के दौरान आंख और कान की तरह काम करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव मुक्त और निष्पक्ष तरीके से हों। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि पर्यवेक्षक गुरुवार तक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में तैनात हो जाएं। बता दें कि पर्यवेक्षक अपनी तैनाती के बाद अपने संपर्क विवरण सार्वजनिक करेंगे और रोजाना एक निश्चित समय तय करेंगे, जब उम्मीदवार, राजनीतिक दल या जनता के किसी भी सदस्य चुनाव से जुड़े शिकायत या सुझाव लेकर उनसे मिल सके। इस कदम का मकसद है कि चुनाव साफ-सुथरे, पारदर्शी और सभी के लिए निष्पक्ष तरीके से संपन्न हों। बता दें कि बीते 15 मार्च रविवार को चुनाव आयोग ने चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। इनमें असम, केरल, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु शामिल हैं।असम, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु में एक ही चरण में चुनाव कराए जाएंगे, जबकि पश्चिम बंगाल में दो चरणों में चुनाव होंगे।

## 150 कैडर अफसरों ने देश की रक्षा में दिया अपना सर्वोच्च बलिदान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 150 कैडर अफसरों ने आतंक/नक्सल/उग्रवाद के मोर्चे और बॉर्डर पर दुश्मन को सबक सिखाते वक्त शहादत दी है। इनमें बीएसएफ के 85 अधिकारी शामिल हैं। वहीं सीआरपीएफ के 60 कैडर अफसरों ने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। एसएसबी के पांच अधिकारी, राष्ट्र की रक्षा में शहीद हुए हैं। अगर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में कैडर अधिकारियों की शहादत का आंकड़ा देखें तो उसमें 'सहायक कमांडेंट' की संख्या सबसे ज्यादा है। दूसरा नंबर डिप्टी कमांडेंट का है। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 150 कैडर अफसरों ने आतंक/नक्सल/उग्रवाद के मोर्चे और बॉर्डर पर दुश्मन को सबक सिखाते वक्त शहादत दी है। इनमें बीएसएफ के 85 अधिकारी शामिल हैं। वहीं सीआरपीएफ के 60 कैडर अफसरों ने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। एसएसबी के पांच अधिकारी, राष्ट्र की रक्षा में शहीद हुए हैं। अगर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में कैडर अधिकारियों की शहादत का आंकड़ा देखें तो उसमें 'सहायक कमांडेंट' की संख्या सबसे ज्यादा है। दूसरा नंबर डिप्टी कमांडेंट का है। बता दें कि मौजूदा समय में केंद्रीय बलों में जो कैडर अधिकारी पदोन्नति के मोर्चे पर पिछड़े हैं, उनमें सहायक कमांडेंट, सबसे अधिक हैं। सहायक कमांडेंट को पहली पदोन्नति लेने में 15–16 साल लग रहे हैं। जब इन्हें पहली पदोन्नति में इतना वक्त लग रहा है तो उसके बाद के पदोन्नति क्रम का अंदाजा लगाया जा सकता है। बीएसएफ के पूर्व एडीजी एसके सूद बताते हैं कि सहायक कमांडेंट को जब 15 साल में पहली पदोन्नति मिलेगी तो वे कमांडेंट पद से आगे ही नहीं बढ़ेंगे। उनके डीआईजी, आईजी और एडीजी बनने का तो सवाल ही नहीं उठता।






# डुमरांव में पर्वों को लेकर प्रशासन अलर्ट, शांति व्यवस्था के लिए कड़े निर्देश




- ईद और रामनवमी से पहले शांति समिति की बैठक, अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

आगामी ईद और रामनवमी पर्व को लेकर डुमरांव में प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। मंगलवार को थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में अधिकारियों ने साफ कर दिया कि किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम राकेश कुमार और एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने संयुक्त रूप से की, जबकि संचालन बीडीओ संदीप कुमार पांडेय एवं थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने किया। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पर्वों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखना सभी की साझा जिम्मेदारी है। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जुलूस के दौरान डीजे के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और किसी भी प्रकार के शस्त्र प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी।

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि बिना अनुमति कोई भी जुलूस नहीं निकाला जा सकेगा। सभी आयोजकों को पूर्व निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ही कार्यक्रम करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि इस बार पर्वों के दौरान निगरानी व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया है। विशेष रूप से सोशल मीडिया पर नजर रखने की बात कही गई। एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि अफवाह फैलाने या भ्रामक जानकारी साझा करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अपुष्ट खबर पर विश्वास न करें और संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना प्रशासन को दें। एसडीएम राकेश कुमार ने कहा कि डुमरांव की पहचान हमेशा से आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए रही है। इसे बनाए रखना हर नागरिक का दायित्व है। उन्होंने बताया कि पर्वों के दौरान प्रमुख चौक-चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। साथ ही एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाओं को भी अलर्ट मोड पर रखा जाएगा। बैठक में मौजूद स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक कर शांति बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

अंत में बैठक का समापन इस संकल्प के साथ किया गया कि सभी मिलकर ईद और रामनवमी के पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराएंगे। बैठक में एसडीएम और डीएसपी के अलावे डुमरा बीडीओ संदीप कुमार पांडे, थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, श्री महावीर झंडा पूजा समिति के संयोजक गुप्तेश्वर प्रसाद, मनोज केसरी, भाजपा के जिला प्रवक्ता शक्ति राय, भाजपा युवा मोर्चा के प्रांतीय नेता दीपक यादव, रेड क्रॉस के सचिव शत्रुघ्न प्रसाद उर्फ मोहन गुप्ता, विकास पाठक, संटू मित्रा, अभिषेक कुमार, विजय सिन्हा, नगर परिषद के प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह समेत शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

# एलपीजी आपूर्ति पर प्रशासन सख्त : 27 एजेंसियों की जांच, लाइन लगाकर सिलेंडर वितरण पर पूर्ण रोक

- 4 दिन में 22 हजार से अधिक सिलेंडर वितरण, होम डिलीवरी अनिवार्य, कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति को पारदर्शी और सुचारु बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। जिलाधिकारी साहिला एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में गैस वितरण व्यवस्था को लेकर कई अहम निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं को किसी भी हाल में परेशान नहीं होने दिया जाएगा और गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई तय है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले की कुल 27 गैस एजेंसियों की सघन जांच के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में एक वरीय दंडाधिकारी या पदाधिकारी के साथ एक पुलिस पदाधिकारी को शामिल किया गया है, ताकि जांच प्रक्रिया निष्पक्ष और प्रभावी हो सके। इन टीमों द्वारा एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है, जिसमें वरीय और प्रखंड स्तरीय अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 13 से 16 मार्च के बीच कुल 22,283 गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा चुका है। वहीं 16 मार्च तक एजेंसियों के पास 3,200 सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। अधिकारियों का कहना है कि आपूर्ति की स्थिति सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सबसे महत्वपूर्ण निर्देश यह दिया गया कि किसी भी स्थिति में गैस एजेंसी या गोदाम पर उपभोक्ताओं की लाइन लगाकर सिलेंडर वितरण नहीं किया जाएगा। यदि कहीं ऐसा पाया जाता है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने एजेंसियों को सख्ती से निर्देश दिया है कि अधिकतम होम डिलीवरी सुनिश्चित करें और बुकिंग के 2 से 3 दिनों के भीतर उपभोक्ताओं तक गैस पहुंचाएं।

उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखा गया है। एलपीजी से जुड़ी किसी भी समस्या या शिकायत को उपभोक्ता फोन नंबर 06183-223333 पर दर्ज करा सकते हैं। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि हर शिकायत का त्वरित निपटारा किया जाएगा।

अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर और डुमरांव को लगातार क्षेत्र भ्रमण कर गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। वहीं जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सभी गैस एजेंसियों के साथ नियमित बैठक कर वितरण व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है। अब तक जिले में कालाबाजारी या जमाखोरी की कोई शिकायत सामने नहीं आई है, जिसे प्रशासन ने संतोषजनक बताया है।

इसके अलावा सभी गैस एजेंसियों को अपने कार्यालय के बाहर सूचना पट्ट लगाने का निर्देश दिया गया है। इस पर उपलब्ध स्टॉक, किस तिथि का सिलेंडर वितरित हो रहा है और आगामी वितरण की तिथियों की स्पष्ट जानकारी प्रदर्शित करनी होगी, ताकि उपभोक्ताओं को पारदर्शी सूचना मिल सके।

ई-केवाईसी को लेकर भी प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। सभी एजेंसियों को कैम्प मोड में बचे हुए उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी पूरा कराने का निर्देश दिया गया है, ताकि भविष्य में ओटीपी संबंधी समस्याएं न आएं। उपभोक्ता स्वयं भी तेल विपणन कंपनियों या आधार आधारित ऐप के माध्यम से ई-केवाईसी पूरा कर सकते हैं।

# जिला स्थापना दिवस पर स्कूलों में रचनात्मकता और खेल प्रतिभा का संगम

**केटी न्यूज/राजपुर**




जिला स्थापना दिवस के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में छात्रों की प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्थानीय खेल स्टेडियम से लेकर विद्यालय परिसरों तक उत्साह का माहौल देखने को मिला, जहां सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

मंगरॉव उच्च विद्यालय में शहीद भगत सिंह खेल क्लब के तत्वावधान में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राहुल सिंह एवं सुरेंद्र सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन और टीम भावना भी सिखाता है, जो जीवन में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

वहीं, रघुवंशी कुंवरी उच्च विद्यालय में पेंटिंग, वाद-विवाद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत कर संदेश दिया। वाद-विवाद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम में पहुंचे एसआई सुनील कुमार साहू एवं एएसआई प्रवीण कुमार दुबे ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाध्यापक ब्रजेश राय ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में अपनी संस्कृति और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं।

प्रतियोगिताओं में पेंटिंग में छोटी कुमारी, भाषण में निष्ठा कुमारी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनु कुमारी, मधु कुमारी और रागिनी पाण्डेय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिका श्वेता कुमारी, साधना गुप्ता, अंतिमा कुमारी, प्रिया कुमारी, अनामिका कुमारी सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## रात के अंधेरे में दरवाजे से बाइक उड़ा ले गए चोर, पुलिस जांच में जुटी

**कृष्णाब्रह्म।** थाना क्षेत्र के सोवा गांव में आयोजित एक श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान चोरी की घटना ने लोगों को चौंका दिया। भीड़भाड़ और आयोजन की व्यस्तता के बीच चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए एक युवक की बाइक पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार, डुमरांव थाना क्षेत्र के अरैला गांव निवासी सूरज कुमार राम छह मार्च को अपने भाई की बाइक लेकर श्राद्ध में शामिल होने सोवा गांव पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बाइक को घर के दरवाजे पर खड़ी कर दी और निश्चिंत होकर अन्य लोगों के साथ भोजन करने के बाद सो गए। इसी दौरान देर रात अज्ञात चोरों ने सुनसान माहौल का फायदा उठाया और बाइक लेकर फरार हो गए। सुबह जब सूरज कुमार राम की नींद खुली और उन्होंने बाहर आकर देखा तो बाइक गायब थी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। पीड़ित युवक ने अपने स्तर पर आसपास के गांवों में काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिल सका।

# चौसा में विकास की रफ्तार तेज करने की तैयारी जनसुविधाओं पर फोकस के साथ टैक्स में बड़ी राहत

**केटी न्यूज/चौसा**



नगर पंचायत चौसा में विकास योजनाओं को नई गति देने की दिशा में ठोस पहल की गई है। नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित सशक्त स्थायी समिति की बैठक में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद किरण देवी ने की, जबकि संचालन कार्यपालक पदाधिकारी रानी कुमारी द्वारा किया गया। बैठक में शहर की जरूरतों और स्थानीय समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विकास का व्यापक खाका तैयार किया गया। खासकर गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई है। निर्णय लिया गया कि जिन वार्डों में पाइपलाइन की सुविधा नहीं है, वहां चापाकल लगाए जाएंगे, वहीं समरसेबल और पानी टंकी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी ताकि लोगों को पानी के लिए परेशानी न झेलनी पड़े। नगर क्षेत्र में रोशनी और सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए हर वार्ड में आवश्यकता के अनुसार स्ट्रीट लाइट लगाने का फैसला लिया गया। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर हाई मास्ट लाइट और सीसीटीवी कैमरों का विस्तार भी किया जाएगा, जिससे रात के समय सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके। श्मशान घाट जैसी जरूरी सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। आर एंड आर मद से वहां दो हाई मास्ट लाइट लगाने और एक शव वाहन खरीदने की स्वीकृति दी गई है, ताकि अंतिम संस्कार से जुड़ी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। इसके अलावा, नगर के सार्वजनिक स्थलों को अधिक उपयोगी और सुविधाजनक बनाने के लिए सामुदायिक शेड निर्माण और सीमेंटेड कुर्सियों की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। नाली और गली से संबंधित लंबित योजनाओं को भी हरी झंडी दे दी गई है, जिन्हें जल्द ही निविदा प्रक्रिया के जरिए पूरा कराया जाएगा।

कार्यपालक पदाधिकारी रानी कुमारी ने बैठक के बाद कहा कि चौसा के समग्र विकास में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी योजनाओं को सरकार के दिशा-निदेशों के अनुरूप पारदर्शी तरीके से लागू किया जाएगा, ताकि आम लोगों को सीधा लाभ मिल सके। वहीं, आम जनता को राहत देते हुए मुख्य पार्षद किरण देवी ने होल्डिंग टैक्स को लेकर बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि 30 मार्च तक टैक्स जमा करने वाले उपभोक्ताओं को पेनल्टी और ब्याज से पूरी तरह छूट दी जाएगी। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाते हुए समय पर कर का भुगतान करें। बैठक में उप मुख्य पार्षद सरिता देवी, समिति सदस्य ललिता देवी, चंदन चौधरी, आनंद कुमार रावत समेत अन्य जनप्रतिनिधि और नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मी मौजूद रहे।




# स्वच्छता की मिसाल बना चौसा सीएचसी स्वास्थ्य कर्मियों ने खुद संभाली जिम्मेदारी




**केटी न्यूज/चौसा**

जिला स्थापना दिवस के अवसर पर चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली, जहां स्वास्थ्य सेवा देने वाले कर्मी खुद सफाई अभियान के अगुआ बन गए। मंगलवार को आयोजित इस विशेष अभियान में डॉक्टरों से लेकर कर्मचारियों तक सभी ने झाड़ू उठाकर न सिर्फ परिसर की सफाई की, बल्कि स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का भी संदेश दिया।

कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंद्रमणि विमल ने किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल सिर्फ इलाज का केंद्र नहीं, बल्कि स्वच्छता का उदाहरण भी होना चाहिए। साफ-सुथरा वातावरण मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने में अहम भूमिका निभाता है, इसलिए इसे दैनिक आदत का हिस्सा बनाना जरूरी है।

अभियान के दौरान अस्पताल परिसर के साथ-साथ आसपास के इलाकों में भी जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। आशा कार्यकर्ताओं ने लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने आसपास सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।






# जान दे देंगे, बैंक नहीं हटने देंगे : उत्तमपुर में फूटा गुस्सा, इंडियन बैंक प्रबंधन पर गंभीर आरोप

■ शाखा स्थानांतरण के विरोध में उग्र मार्च, फर्जी लेनदेन और किसानों को ऋण न देने के आरोपों ने भड़काया जनाक्रोश




**केटी न्यूज/राजपुर**

प्रखंड के बारूपुर पंचायत अंतर्गत उत्तमपुर गांव में इंडियन बैंक शाखा को हटाने की कथित तैयारी के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा अब खुलकर सड़कों पर उतर आया है। ह्लजान दे देंगे, बैंक नहीं जाने देंगेह्व जैसे नारों के बीच मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने पकड़ी चौक से बैंक तक आक्रोश मार्च निकाला और उसके बाद एक विशाल जनसभा कर बैंक प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

जनसभा की अध्यक्षता कर रहे पूर्व मुखिया मिथिलेश पासवान ने बैंक प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्षों से संचालित यह शाखा न केवल उत्तमपुर बल्कि आसपास के कई गांवों की आर्थिक धुरी है। इसके बावजूद वर्तमान शाखा प्रबंधक द्वारा इसे कहीं और स्थानांतरित करने की कोशिश की जा रही है, जो ग्रामीणों के हितों के खिलाफ है। ग्रामीणों का आरोप है कि बैंक प्रबंधन ने बिना किसी पारदर्शिता के कई संदिग्ध लेनदेन किए हैं। देवढ़िया गांव के चितरंजन राम के मामले को उठाते हुए बताया गया कि बिना किसी स्वीकृति के उनके खाते से एक लाख रुपये काट लिए गए और फर्जी तरीके से ऋण भी दिखा दिया गया, जबकि उन्हें आज तक संबंधित योजना का लाभ नहीं मिला। यहां तक कि जिस टेंपो की खरीद दिखायी गई, उसकी एजेंसी तक का कोई अस्तित्व नहीं है। आक्रोश का एक बड़ा कारण यह भी है कि क्षेत्र के एक भी किसान को केसीसी ऋण नहीं दिया गया, जिससे किसानों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि जब बैंक का उद्देश्य ही ग्रामीणों को सुविधा देना है, तो फिर इस तरह की मनमानी क्यों।

पिछले एक महीने से जारी विरोध के बावजूद जब समाधान नहीं निकला तो मामला और गरमा गया। पटना जोनल ऑफिस से समन्वय के लिए अधिकारी भेजने की बात हुई, लेकिन तय तिथि पर अधिकारी नहीं पहुंचे। मंगलवार को भी प्रबंधक ने भीड़ देखकर सीधी बातचीत से परहेज किया, जिससे लोगों का गुस्सा और भड़क गया। हालांकि, कुछ स्थानीय लोगों से बातचीत में प्रबंधक ने आश्वासन दिया कि बैंक फिलहाल कहीं नहीं जाएगा, लेकिन ग्रामीण इस आश्वासन से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि यदि उनकी भावनाओं की अनदेखी की गई तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से और तेज किया जाएगा।

मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और एक सुर में बैंक प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।

## एक नजर

### धूमधाम से संपन्न हुआ न्यू बिहार पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव व साइंस एग्जीबिशन




**डुमरांव।** डुमरांव स्थित न्यू बिहार पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिक उत्सव, साइंस एग्जीबिशन और बाल मेला का भव्य आयोजन बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का दिल जीत लिया। पूरे आयोजन का नेतृत्व विद्यालय के निदेशक नागेंद्र नाथ दुबे ने किया, जिनकी देखरेख में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डुमरांव राज परिवार के मान विजय सिंह उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार और नगर परिषद के उपाध्यक्ष विकास ठाकुर भी कार्यक्रम में शामिल हुए। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसमें स्कूली बच्चों ने अपनी मधुर प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद एक से बढ़कर एक नृत्य, गीत और नाटक की प्रस्तुति दी गई। विशेष रूप से ह्लरानी लक्ष्मीबाईह्व और ह्लबेटी हमारी अनमोलह्व जैसे नाटकों ने समाज को प्रेरणादायक संदेश दिया और खूब सराहना बटोरी। वहीं, साइंस एग्जीबिशन में छात्रों ने अपने वैज्ञानिक मॉडल और प्रयोगों के जरिए अपनी रचनात्मकता और ज्ञान का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रोजेक्ट्स ने विज्ञान के प्रति उनकी गहरी समझ और रुचि को दशार्या। बाल मेला में छात्रों ने खुद के बनाए व्यंजन और स्टॉल लगाकर उद्यमिता का भी परिचय दिया, जिसे देखकर अतिथियों ने उनकी खूब प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित भी किया गया। रामानुजन मैथ्स प्रतियोगिता में जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य विवेक दुबे ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में सभी अतिथियों और अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार के प्रयासों की प्रशंसा की। यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए एक मंच साबित हुआ, बल्कि उनके आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारने का भी एक सुनहरा अवसर बना।

### खेल प्रतिभा को मिला मंच, स्थापना दिवस पर दौड़े सपनों के कदम

**चौसा।** जिले के 36वें स्थापना दिवस के अवसर पर पंचायत खेल क्लब द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चुन्नी में आयोजित खेल प्रतियोगिता ने ग्रामीण प्रतिभाओं को एक नया मंच प्रदान किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने न सिर्फ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, बल्कि अपनी ऊर्जा और प्रतिभा से मैदान को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत खेल क्लब के अध्यक्ष विनोद सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच वीर बहादुर सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रितेश केशरी समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उनके प्रदर्शन की सराहना की। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के लिए दौड़ आयोजित की गई, जिसमें बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई स्पर्धाओं में बाजी मारी। अंडर-14 और अंडर-16 वर्ग की दौड़ों में छात्राओं ने अपनी गति और आत्मविश्वास का परिचय दिया। वहीं बालक वर्ग में भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जहां प्रतिभागियों ने बेहतर प्रदर्शन कर अपनी पहचान बनाई। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति और शिक्षकों के सहयोग से यह प्रतियोगिता सफल रही, जिसने ग्रामीण क्षेत्र में खेल के प्रति बढ़ते रुझान को भी दर्शाया।

# डुमरांव में मुख्य पथ व स्कूल समेत सभी मार्गों पर खुलेआम हो रही है मांस-मछली की बिक्री, नगर परिषद मौन



■ बोर्ड की पिछली बैठक में पास हुआ था खुले में कटे मांस की बिक्री रोकने का प्रस्ताव, राज्य सरकार के निर्देश का भी नहीं हो रहा है पालन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव कटे मांस व मछली की बिक्री पर रोक नहीं लगाया जा सका है। डुमरांव नगर परिषद बोर्ड की पिछली बैठक में शहरी क्षेत्र में कटे मांस-मछली की बिक्री पर रोक लगाने का प्रस्ताव पारित हुआ था, जबकि राज्य सरकार पहले ही खुले में तथा स्कूल-मंदिर, राष्ट्रीय राजमार्गों तथा सार्वजनिक जगहों के समीप कटे मांस-मछली की बिक्री पर रोक लगाने का गाइड लाइन जारी किया था। बावजूद डुमरांव में नगर परिषद प्रशासन की सुस्ती से राज्य सरकार का निर्देश बेअसर साबित हो रहा है। बता दें कि डुमरांव में मांस-मछली बेचने के लिए किसी के विक्रेता के पास लाइसेंस नहीं है, बावजूद अकेले डुमरांव स्टेशन रोड में एक दर्जन जगहों पर सड़क किनारे खुलेआम मांस मछली की बिक्री की जा रही है, लेकिन नगर परिषद प्रशासन उनपर कार्रवाई के बजाय मौन साधे हुए है। जिससे खुले में कटे मांस-मछली बेचने वालों का मनोबल बढ़ा हुआ है।

### क्या कहते है ईओ

इस संबंध में डुमरांव नगर परिषद के ईओ राहुलधर दूबे ने बताया कि कटे में मांस-मछली बेचने वालों को चिन्हित कर लिया गया है, उन्हें दो बार नोटिस दिया जा चुका है। बुधवार को फिर से नोटिस थमाया जाएगा तथा इसका उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं से जुमार्ना वसूला जाएगा।

### राज हाई स्कूल तथा महाराजा पेट्रोल पंप के समीप है स्थिति सबसे खराब

खुले में कटे मांस-मछली को लेकर सबसे खराब स्थिति स्टेशन रोड में राज हाई स्कूल तथा रेलवे स्टेशन के समीप स्थित महाराजा पेट्रोल पंप के पास की है। बता दें कि राज हाई स्कूल के पास सप्ताह में दो दिन जबकि महाराजा पेट्रोल पंप के समीप हर दिन कटे मांस की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। बता दें कि राज हाई स्कूल के समीप ही कई निजी विद्यालय है, इसके अलावे शहर के इकलौते महिला कॉलेज सुमित्रा महिला कॉलेज जाने का मुख्य रास्ता भी यही से शुरू होता है। जहां हर दिन हजारों छात्र-छात्राएं पढ़ाई करने आते है। वहीं, स्टेशन के समीप महाराजा पेट्रोल पंप के अलावे पंच मंदिर है, जहां कई वार्ड के लोग हर दिन सुबह व शाम में पूजा-अर्चना करने आते है, जिन्हें सड़क किनारे खुले में काटे जाने वाले मुर्गा तथा बकरे से परेशानी होती है। नगर परिषद प्रशासन की सुस्ती से लोगों में गहरा आक्रोश है।

### शहर के कई अन्य जगहों पर खुलेआम होता है कटे मांस की बिक्री

डुमरांव में सिर्फ राज हाई स्कूल या महाराजा पेट्रोल पंप के समीप ही नहीं बल्कि स्टेशन रोड में लालगंज कड़वी, महरौरा मोड़, नया थाना के समीप, हरिजी के हाता के समीप, पुराने नगर परिषद कार्यालय व व्यापार मंडल के समीप सड़क किनारे खुले में कटे मांस-मछली की बिक्री की जाती है। इसके अलावे राजगोला, जंगल बाजार समेत कई इलाके भी है, जहां सुबह से शाम तक कटा मांस-मछली बेचा जाता है।

### किसी विक्रेताओं के पास नहीं है लाइसेंस

बता दें कि डुमरांव के शहरी क्षेत्र में कटे मांस-मछली की बिक्री के लिए किसी विक्रेता के पास लाइसेंस नहीं है। नगर परिषद प्रशासन ने न सिर्फ इसकी पुष्टि की है, बल्कि यह भी निर्देश दिया है कि कटे मांस-मछली की बिक्री करने वाले विक्रेता अपना लाइसेंस करवा ले, बावजूद अबतक किसी भी विक्रेता ने लाइसेंस नहीं लिया है।

## डुमरांव में जिला स्थापना दिवस पर गणित ओलंपियाड, क्विज व चित्रकला प्रतियोगिता

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बक्सर जिला के स्थापना दिवस के अवसर पर डुमरांव के पल्स टू राज उच्च विद्यालय के प्रांगण में प्रखंड संसाधन केंद्र डुमरांव के तत्वावधान में गणित ओलंपियाड, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुधांशु कुमार ने की। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न मध्य एवं उच्च विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। निर्णायक मंडल में शैलेंद्र पांडेय, संतोष कुमार ओझा, अशोक कुमार एवं पल्लवी यादव शामिल थे। उन्होंने प्रतिभागियों की प्रस्तुति का मूल्यांकन कर विजेताओं का चयन किया। क्विज प्रतियोगिता के वर्ग 9 से 12 में बिटू कुमार (पाल हाई स्कूल, मुंगाव) और प्रीति कुमारी (महारानी उषारानी बालिका उच्च विद्यालय, डुमरांव) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त किया। वहीं वर्ग 6 से 8 में आश्विनी कुमारी (मध्य विद्यालय, कुशलपुर) का चयन किया गया।

गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता में सीपीएस उच्च विद्यालय, डुमरांव की अनाविया और मोहन कुमार ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की। इसके अलावा चित्रकला प्रतियोगिता में तमन्ना बानो और प्रिंस कुमार गुप्ता (सीपीएस, डुमरांव) ने अपनी रचनात्मकता से सभी का ध्यान आकर्षित किया।

## औद्योगिक सुरक्षा पर जोर: नावानगर पेप्सी प्लांट में फायर सेफ्टी का व्यावहारिक प्रशिक्षण

■ मॉकड्रिल के जरिए कर्मियों को आपदा प्रबंधन, सुरक्षित निकासी और अग्निशमन उपकरणों के उपयोग की दी गई जानकारी



**केटी न्यूज/नावानगर**

गर्मियों के मौसम में आगजनी की बढ़ती आशंका को देखते हुए जिले में औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में मंगलवार को नावानगर स्थित पेप्सी प्लांट में व्यापक स्तर पर फायर सेफ्टी मॉकड्रिल और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों और मजदूरों को आपात स्थिति से निपटने के लिए व्यावहारिक रूप से तैयार करना था।

कार्यक्रम का संचालन अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी डुमरांव शिखा कुमारी के नेतृत्व में किया गया, जबकि यह आयोजन जिला अग्निशमन पदाधिकारी विनोद कुमार यादव के निर्देश पर संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय संयम और समझदारी से काम लेने की सलाह दी गई। उन्हें बताया गया कि शुरूआती कुछ मिनटों में उठाया गया सही कदम बड़े नुकसान को टाल सकता है।

मॉकड्रिल के दौरान अग्निशमन टीम ने प्लांट परिसर में संभावित आग की स्थिति का कृत्रिम परिदृश्य तैयार किया और कर्मियों को उसके अनुसार कार्रवाई करने का अभ्यास कराया। इस दौरान फायर एक्सटिंग्विशर, हाइड्रेंट सिस्टम और अन्य सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का लाइव प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों को यह भी समझाया गया कि आग के प्रकार जैसे इलेक्ट्रिकल, केमिकल या सामान्य आग–के अनुसार अलग-अलग उपकरणों का चयन करना क्यों जरूरी होता है।

इसके अलावा, आपात स्थिति में अलार्म सिस्टम को सक्रिय करने, सुरक्षित निकासी मार्गों का उपयोग करने और घायलों को प्राथमिक उपचार देने की प्रक्रिया भी विस्तार से समझाई गई। प्रशिक्षण के दौरान इस बात पर विशेष बल दिया गया कि किसी भी संकट की घड़ी में टीमवर्क और त्वरित सूचना आदान-प्रदान बेहद अहम भूमिका निभाते हैं।

शिखा कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में छोटी-सी चूक भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसलिए सभी कर्मियों को नियमित अंतराल पर इस तरह के प्रशिक्षण में भाग लेना चाहिए और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता और तैयारी ही किसी भी आपदा से निपटने का सबसे प्रभावी उपाय है। कार्यक्रम के अंत में प्लांट के कर्मचारियों ने मॉकड्रिल में सक्रिय भागीदारी दिखाई और भविष्य में भी अग्नि सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का संकल्प लिया। इस तरह के आयोजन न केवल कर्मचारियों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि किसी भी आपात स्थिति में नुकसान को न्यूनतम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# स्थापना दिवस पर बक्सर में गंगा स्वच्छता का संदेश नाथ बाबा घाट से निकली जागरूकता की अलख

■ स्वच्छता अभियान, प्रभात फेरी, वृक्षारोपण और नुक्कड़ नाटक के जरिए जनमानस को किया गया जागरूक, स्कूल-कॉलेजों व संस्थाओं ने भी मनाया स्थापना दिवस




**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के स्थापना दिवस के अवसर पर ह्लगंगा स्वच्छता पखवाड़ा 2026ह्व के तहत मंगलवार को शहर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का व्यापक संदेश दिया गया। जिलाधिकारी साहिला की उपस्थिति में नाथ बाबा घाट पर स्वच्छता अभियान, प्रभात फेरी, वृक्षारोपण, स्वच्छता प्रतिज्ञा एवं नुक्कड़ नाटक जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे शहर में जागरूकता की एक नई लहर देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरूआत जिलाधिकारी द्वारा नाथ बाबा घाट स्थित पार्क में वृक्षारोपण से हुई। इसके बाद घाट क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर कचरा संग्रहण, प्लास्टिक अपशिष्ट हटाने और घाट की समुचित सफाई सुनिश्चित की गई। इस अभियान में एनसीसी, ह्लमाई भारतह्व, हिंदुस्तान स्काउट एवं रूद्र ग्रुप के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।

जिलाधिकारी साहिला ने उपस्थित अधिकारियों, स्वयंसेवी संगठनों और युवाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान है। इसकी स्वच्छता बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से अपील की कि गंगा में कचरा, प्लास्टिक या पूजन सामग्री न डालें और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। स्वच्छता कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी को रवाना किया। प्रभात फेरी नाथ बाबा घाट से प्रारंभ होकर मॉडल थाना होते हुए पीपी रोड से गोला घाट तक पहुंची। इस दौरान प्रतिभागियों ने स्वच्छता के नारे लगाए और लोगों को जागरूक किया। खास बात यह रही कि एनसीसी एवं अन्य संगठनों के सदस्यों ने पीपी रोड के दुकानों पर ह्लहम गंगा जी को प्रदूषित नहीं करेंगेह्व का स्टीकर लगाकर स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के अलावा विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और निजी संस्थाओं द्वारा भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं तो कहीं स्वच्छता जागरूकता रैलियां निकाली गईं। छात्र-छात्राओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर बक्सर के गौरवशाली इतिहास और स्वच्छ भविष्य के संकल्प को दोहराया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला गंगा समिति के नोडल पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी और मीडियाकर्मी उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयास से ही गंगा की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## जिला स्थापना दिवस पर 91 पंचायतों में खेल प्रतियोगिताओं की धूम

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिलाधिकारी साहिला के निर्देश पर 36वें जिला स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिले भर के पंचायत स्तर पर निर्मित 91 खेल मैदानों में भव्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मनरेगा अंतर्गत विकसित इन खेल मैदानों में पंचायत खेल क्लबों के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रमों में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक चले इन आयोजनों में बैडमिंटन, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल समेत स्थानीय स्तर पर लोकप्रिय खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत खेल क्लब के अध्यक्ष, सचिव एवं शारीरिक शिक्षकों की अहम भूमिका रही। हर पंचायत में खेल के प्रति उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा आलोक नारायण वत्स ने विभिन्न खेल क्लबों को बैनर एवं मेडल प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल क्लबों के माध्यम से पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों को बढ़ावा मिल रहा है, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और निखारने का अवसर भी मिल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि ये खेल क्लब अब सामुदायिक केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं, जहां युवाओं को शारीरिक गतिविधियों के साथ-साथ अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिल रहा है। स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत उपयोगी साबित हो रहे हैं। जिले के सभी पंचायतों में एक साथ हुए इस आयोजन का सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। खिलाड़ियों में खासा उत्साह रहा और पहली बार इतने व्यापक स्तर पर आयोजित कार्यक्रम ने नई ऊर्जा का संचार किया। उपाधीक्षक द्वारा विभिन्न खेल स्थलों का निरीक्षण कर कार्यक्रम की समीक्षा भी की गई और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया गया। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि जिन खेल क्लबों द्वारा सर्वश्रेष्ठ आयोजन किया जाएगा, उन्हें विशेष रूप से पुरस्कृत किया जाएगा।

# सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे कार्यकर्ता : राजकुमार शर्मा



**केटी न्यूज/डुमरांव**

जदयू के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा के पहली बार डुमरांव आगमन पर पार्टी कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

डुमरांव पहुंचते ही जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने सबसे पहले शहीद पार्क जाकर देश के वीर शहीदों को नमन किया। इसके बाद वे जदयू के विधानसभा कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकताओं के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में डुमरांव विधायक राहुल सिंह भी मौजूद रहे। प्रेसवार्ता के दौरान राजकुमार शर्मा ने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन को सक्रिय किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि नए और पुराने सभी कार्यकताओं को साथ लेकर संगठन को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाना ही पार्टी की प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी देंगे और पात्र लोगों को इसका लाभ दिलाने में मदद करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी में हर दिन नई जिम्मेदारियां मिलती हैं और हमें सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। वहीं, डुमरांव विधायक राहुल सिंह ने कहा कि नए जिलाध्यक्ष के स्वागत के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट हुए हैं और संगठन को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करेंगे। इस मौके पर जदयू के वरिष्ठ नेता सीताराम सिंह, हरेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, लाला सिंह, धीरज कुमार, पप्पु सिंह, नथुनी खरवार, मनु सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का चौथा चरण
# भागलपुर को मिली 441.32 करोड़ की योजनाओं की सौगात



**एजेंसी। पटना**

भागलपुर जिले में समृद्धि यात्रा के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को 144 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य और जल आपूर्ति जैसी परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी कि बिहार के भागलपुर जिले में विकास कार्यों को नई गति देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने मंगलवार को 441.32 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी। समृद्धि यात्रा के तहत आयोजित इस दौरे में मुख्यमंत्री ने एक साथ 144 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर जिले के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। जगदीशपुर प्रखंड के बैजानी पंचायत में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से 88 योजनाओं का उद्घाटन और 56 योजनाओं का शिलान्यास किया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, उद्घाटन की गई योजनाओं पर 170.61 करोड़ रुपये की लागत आई है, जबकि 270.70 करोड़ रुपये की योजनाओं की आधारशिला रखी गई है। इन योजनाओं के पूरा होने से जिले में बुनियादी सुविधाओं में सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के दौरान विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया। बैजानी पंचायत में उन्होंने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि आम लोगों को इनका पूरा लाभ मिल सके। भागलपुर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने रास्ते में चल रहे विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भागलपुर-बौंसी रेलवे लाइन पर निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का जायजा लिया और निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। अधिकारियों के साथ उन्होंने परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया।इस दौरे में जिन योजनाओं का उद्घाटन किया गया, उनमें पंचायत स्तर पर बुनियादी ढांचे के विकास, ग्रामीण सड़कों के निर्माण, शिक्षा संस्थानों के सुदृढ़ीकरण, भवन निर्माण और जल संसाधन से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। वहीं, जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया, उनमें विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने, सामाजिक कल्याण, तथा आधारभूत संरचना के विस्तार से संबंधित परियोजनाएं प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त, टीएनबी कॉलेज परिसर में 100 बेड के बालिका छात्रावास का निर्माण और जलापूर्ति योजना फेज-1 जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट भी इस दौरे के दौरान चर्चा में रहे। इन परियोजनाओं के शुरू होने से शिक्षा और पेयजल की सुविधा में सुधार होने की संभावना है।

## विवाह मंडप का सीएम ने किया शिलान्यास

कार्यक्रम में जीविका दीदियों के साथ हजारों की संख्या में महिलाओं की भारी मौजूदगी देखने को मिली, जिससे पूरा माहौल उत्साह और जोश से भर गया। मुख्यमंत्री सबसे पहले हवाई अड्डा पहुंचे, इसके बाद उन्होंने बौसी रेलवे अंडरपास का निरीक्षण किया। फिर बैजानी पंचायत पहुंचकर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विवाह मंडप का शिलान्यास किया और विभिन्न सरकारी योजनाओं का जायजा लिया।

## स्टॉल्स का किया निरीक्षण

इसके बाद मुख्यमंत्री सभास्थल पहुंचे, जहां उन्होंने प्रगति यात्रा के संकल्प का अवलोकन किया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कई महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

## जिले को दी पौने दो अरब की सौगात

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वरीय पदाधिकारियों के साथ जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की और आम लोगों से सीधा संवाद भी किया। इस मौके पर भागलपुर जिले को बड़ी सौगात देते हुए उन्होंने कुल 171 करोड़ रुपये की लागत से 88 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

## गिनाई अपनी सरकार की उबलब्धियां

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति बेहतर नहीं थी और कब्रिस्तान की घेराबंदी को लेकर विवाद होते थे, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं सुरक्षित हैं और सड़कों पर पहले की तरह गड्ढे भी नजर नहीं आते।

# ऑटो और बाइक की टक्कर से एक ही मौत तीन लोग की गंभीर रूप से घायल



**केटी न्यूज/बक्सर**

नोखा थाना क्षेत्र के मठिया-नोखा पथ पर मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहां ऑटो और बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

भीषण टक्कर के बाद पलटा ऑटो प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नोखा-राजपुर भेलारी पथ पर नोखा की ओर आ रहा ऑटो सामने से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बाइक पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

**घायलों को पहुंचाया अस्पताल, एक की मौत, दो रेफर:** राहगीरों और स्थानीय लोगों ने एक बस को रोककर घायलों को बाहर निकाला और नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉ. सतीश कुमार ने मिल्की गांव निवासी लाल बाबू राम को मृत घोषित कर दिया। वहीं खैरही गांव के अंकुश कुमार, मैनतोष कुमार और अनिता देवी गंभीर रूप से घायल पाए गए। अंकुश और अनिता देवी की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया।ग्रामीणों के अनुसार, हादसे के बाद लाल बाबू राम ऑटो के नीचे पानी और कीचड़ में दब गए थे। उन्हें बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। आशंका है कि उनकी मौत पानी में डूबने से हुई। घटना के बाद पुलिस के देर से पहुंचने पर लोगों में नाराजगी देखी गई, हालांकि पुलिस ने समय पर कार्रवाई का दावा किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# महावीरी झंडा महोत्सव में बक्सर शहर भक्तिमय, शोभायात्रा में उमड़ा



**केटी न्यूज/बक्सर**

मंगलवार को बक्सर शहर में महावीरी झंडा महोत्सव पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर का माहौल भक्तिमय हो गया था और हर कोई बजरंगबली की भक्ति में लीन नजर आया। विभिन्न हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं, जहां भक्तों ने प्रसाद चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। दोपहर बाद शहर के विभिन्न मोहल्लों से अखाड़ों की गतिविधियां तेज हो गईं। अखाड़ों में हवन, शस्त्र पूजन और ध्वज फहराने के साथ कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। इसके बाद पारंपरिक पगड़ी और सलामी की रस्म निभाई गई। लगभग तीन बजे सभी अखाड़े श्रीचंद्र मंदिर स्थित प्रधान अखाड़ा में एकत्र हुए, जहां से महावीरी रथ के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सजे-धजे रथ पर विराजमान बजरंगबली की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। युवाओं ने सिर पर केसरिया साफा बांधकर हाथों में तलवार, भाला, लाठी और फरसा लिए जोश के साथ जयकारे लगाए। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर अखाड़ा सदस्यों ने पारंपरिक शस्त्रों के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को रोमांचित कर दिया। गदा भांजने और वजन उठाने जैसे प्रदर्शन देर रात तक चलते रहे। गोला बाजार, थाना रोड, अदालत गेट, पीपी रोड, रामरेखा घाट, हनुमान फाटक समेत कई प्रमुख मार्गों से गुजरती शोभायात्रा को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों ने बजरंगबली के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया।

महोत्सव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए दोपहर बाद भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। इस दौरान एक स्थान पर डीजे संचालक को थाने में बैठाए जाने के विरोध में कुछ समय के लिए सड़क जाम की स्थिति बनी, हालांकि बाद में प्रशासन द्वारा संचालक को छोड़े जाने के बाद स्थिति सामान्य हो गई और शोभायात्रा पुनः शुरू कर दी

## एक नजर

### ईद से पहले अतिथि शिक्षकों के फरवरी माह का भुगतान कराने की मांग तेज

**आरा।** ईद का पर्व नजदीक आते ही वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अतिथि शिक्षकों ने फरवरी माह के बकाया मानदेय के भुगतान की मांग तेज कर दी है। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि फरवरी महीने का मानदेय अब तक जारी नहीं किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अतिथि प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ. आदित्य कुमार आनन्द ने विश्वविद्यालय प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि ईद से पहले अतिथि शिक्षकों का बकाया मानदेय जारी किया जाए, ताकि वे अपने परिवार के साथ त्योहार खुशी से मना सकें। उन्होंने कहा कि अतिथि शिक्षक पहले से ही सीमित मानदेय पर कार्य करते हैं, ऐसे में समय पर भुगतान न मिलना उनके लिए बड़ी समस्या बन जाता है।अतिथि शिक्षकों का कहना है कि नियमित रूप से कक्षाएं लेने और शैक्षणिक जिम्मेदारियां निभाने के बावजूद मानदेय में देरी हो रही है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने प्रशासन से जल्द निर्णय लेने की मांग की है।वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया है कि प्रक्रिया पूरी कर जल्द ही मानदेय जारी कर दिया जाएगा। अतिथि शिक्षकों को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी मांग को गंभीरता से लेते हुए ईद से पहले फरवरी माह का भुगतान सुनिश्चित करेगा, जिससे वे त्योहार शांतिपूर्ण और खुशी के साथ मना सकें।

### सड़क हादसे में अज्ञात वाहन से राजमिस्त्री की मौत

**तरारी।** इमादपुर थाना क्षेत्र के इमादपुर गांव के समीप मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक राजमिस्त्री की मौके पर ही मौत हो गई। अज्ञात वाहन की जोरदार ठोकर से बाइक सवार युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान रोहतास जिले के कच्छवां थाना क्षेत्र अंतर्गत घरवासडीह गांव निवासी पुटुक राम के 35 वर्षीय पुत्र श्रीराम पासवान के रूप में हुई है। वह पेशे से राजमिस्त्री था और रोजी-रोटी के लिए सहार थाना क्षेत्र के बहुआरा गांव काम करने जा रहा था। बताया जाता है कि सुबह करीब 8 बजे वह बाइक से घर से निकला था। जैसे ही वह इमादपुर गांव के समीप पहुंचा, तभी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। श्रीराम पासवान अपने परिवार के प्रमुख कमाऊ सदस्य थे।उनके परिवार में पत्नी अनिता देवी, एक पुत्र और छह पुत्रियां हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद घरवासडीह गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। हर कोई इस दर्दनाक हादसे से स्तब्ध है और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना जता रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाह वाहन चालकों के कारण आए दिन हादसे हो रहे है।

### मैसेज के बाद भी उपभोक्ता को नहीं मिला गैस सिलेंडर

**पीरो।** रसोई गैस के लिए चल रही मारामारी के बीच गैस एजेंसी के अजब गजब कारनामे सामने आ रहे हैं। चौंकाने वाला मामला यह है कि कई उपभोक्ताओं ने गैस सिलिंडर के लिए आन लाइन बुकिंग की तो गैस कंपनी द्वारा उन्हें बजाप्ता डीएसी नम्बर निर्गत किया गया। उक्त नम्बर के आधार पर संबंधित उपभोक्ता को गैस सिलिंडर की आपूर्ति की जानी थी लेकिन दस दिन बाद भी उन्हें गैस सिलिंडर की आपूर्ति नहीं की गई अलबता उनके रजिस्टर्ड नम्बर वाले मोबाइल पर यह मैसेज आ गया कि उन्हें अमूक इनवाइस नम्बर से गैस सिलिंडर की आपूर्ति की जा चुकी है। साथ ही यह भी मैसेज आया है कि अगली बुकिंग 8 अप्रैल यानि 25 दिन बाद हो सकेगी। इतना ही नहीं बल्कि संबंधित उपभोक्ता के बैंक खाते में सब्सिडी की राशि भी भुगतान कर दी गई । इधर गैस सिलिंडर की आपूर्ति नहीं होने से हैरान उपभोक्ता जब स्थानीय अजय इंडेन गैस एजेंसी के दफ्तर पहुंचे तो उनकी शिकायत सुनने के बजाय वहां से गोल-मटोल जबाव देकर टरका दिया गया। पीरो नगर के बिहियां रोड निवासी अजय कुमार मिश्र सहित दर्जनों उपभोक्ताओं ने ऐसी शिकायत दर्ज कराते हुए जिलाधिकारी भोजपुर, अनुमंडल पदाधिकारी पीरो व संबंधित गैस कंपनी के अधिकारियों से गैस एजेंसी द्वारा की गई इस घालमेल की जांच कराकर उचित कार्रवाई करने व खुद को न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

### पूर्व विधायक ने किया सीमेंट दुकान का भव्य उद्घाटन

**जगदीशपुर ।** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया ने क्षेत्र के विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की कड़ी में एक नया कदम साझा किया। मंगलवार को उन्होंने जगदीशपुर प्रखंड के ईसाढी बाजार स्थित 'मनोज सीमेंट दुकान' का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक लोहिया ने कहा कि स्थानीय स्तर पर व्यवसायों के खुलने से न केवल ग्रामीणों को सुविधा होती है, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होते हैं। उन्होंने दुकान के प्रोपराइटर को सफल व्यवसाय के लिए शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन समारोह के दौरान क्षेत्र के कई प्रमुख समाजसेवी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिसमे प्रेमचंद सिंहधनलाल सिंह मुकेश पाल सोनू सिंह,गणेश सिंह मुन्ना सिंह गिरवर सहित अन्य मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

**पीरो ।** हसनबाजार थानान्तर्गत कचनथ मोड के समीप 1 माह पूर्व हुई। एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी रमसीडीह गांव निवासी अवधेश सिंह (37वर्ष) वाराणसी के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक अवधेश सिंह रमसीडीह गांव निवासी राजगृही सिंह के पुत्र थे। उनकी मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में पत्नी सुनीता देवी के अलावे एक पुत्र कृष्ण कुमार व एक बेटी सीमा कुमारी है। बता दें कि अवधेश सिंह की एक बेटी रीमा कुमारी की मौत सात माह पहले ट्यूशन पढकर घर लौटते समय पचरुखिया गांव में दीवार गिरने से उसके मलवे में दबकर हो गई थी। एक साल के अंदर परिवार के दो सदस्यों की मौत से परिवार पर दुःखों का पहाड टूट पडा है। जंहा अवधेश सिंह की मौत की खबर सुनकर उनके घर पहुंचे समाजसेवी रवि यादव ने स्वजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया।

# बिक्रमगंज : रामनवमी को लेकर शांति समिति की हुई बैठक




**केटी न्यूज/रोहतास**

मंगलवार को स्थानीय थाना परिसर में रामनवमी पर्व को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम प्रभात कुमार और एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह संयुक्त रूप से की। जिसमें अनुमंडल मुख्यालय समेत सभी प्रखंडों से विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि,मीडिया प्रतिनिधि, समाजसेवी, डीजे संचालक,शांति समिति के सदस्य और पूजा समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक के दौरान दोनों पर्वो को देखते हुए क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने अपने-अपने इलाकों से जुड़ी समस्याओं और सुझावों को अधिकारियों के समक्ष रखा। उपस्थित लोगों ने विशेष रूप से पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने,सभी थाना क्षेत्रों में लगातार पुलिस गश्ती बढ़ाने और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने की मांग की। इसके साथ ही शहर और बाजार क्षेत्रों में बेहतर लाइटिंग व्यवस्था,साफ- सफाई की समुचित व्यवस्था तथा स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों को मजबूत रखने जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया गया। लोगों ने कहा कि पर्व के दौरान भीड़-भाड़ को देखते हुए पेयजल की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में मौजूद वरीय अधिकारियों ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन ने साफ शब्दों में कहा कि पर्व के दौरान किसी भी स्थिति में डीजे बजाने की अनुमति नहीं दी जाएगी । इसके अलावा शराब पीकर उत्पात मचाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ तुरंत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने या भ्रामक जानकारी साझा करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि ईद और रामनवमी जैसे पर्व समाज में आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हैं। प्रशासन की प्राथमिकता है कि दोनों त्योहार शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हों इसके लिए सभी विभागों को अलर्ट कर दिया गया है और सरकार की गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराया जाएगा। वहीं एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। जो सभी थाना क्षेत्रों में गश्ती बढ़ाई जाएगी और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी । यदि कोई व्यक्ति कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में अधिकारियों ने सभी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और शांति समिति के सदस्यों से प्रशासन का सहयोग करने तथा लोगों के बीच आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की।

# समूह में 250 लोगों से लाखों का फ्रॉड करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार



**केटी न्यूज/रोहतास**

थाना क्षेत्र के मोथा गांव में लंबे समय से चला आ रहा समूह फ्रॉड का पदार्फाश हुआ। पुलिस ने एक ही परिवार के पति-पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि गांव की ज्यादातर महिलाएं इसका शिकार हुईं। करीब 250 लोगों को ठगकर लाखों रुपये ऐंठ लिए गए।मोथा गांव निवासी महेंद्र पासवान की पत्नी रिंकू देवी ने एक ही परिवार के पांच सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। एफआईआर में बताया गया कि आरोपी उत्कर्ष माइक्रो फाइनेंस जैसे छोटे बैंकों से लोगों के आधार कार्डों का इस्तेमाल कर लोन निकालते थे। रिंकू देवी के आवेदन में ही 14 लाख रुपये के गबन का खुलासा हुआ।इनमें से शिवकुमार शाह के पुत्र राजू गुप्ता और उनकी पत्नी नीलम देवी को जांच के बाद गिरफ्तार किया गया। थाना अध्यक्ष ने कहा कि दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपी परिवार ने 11साल से सैत्य तरीके से ठगी की सिलसिला चलाया। पहले छोटे-मोटे लोन जमा कर लोगों का भरोसा जीता, फिर करोड़ों लेकर फरार हो गए। पहले भी सैकड़ों महिलाओं ने शिकायत की थी, लेकिन आरोपी फरार थे। अब वे पुलिस हिरासत में हैं।एसडीपीओ बिक्रमगंज सिंधु शेखर सिंह मामले की गहन जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अन्य आरोपी भी जल्द पकड़े जाएंगे और सख्त कार्रवाई होगी,फिलहाल एक पीड़ित के आधार पर दो गिरफ्तारियां हुई हैं।

# ईद और बिहार दिवस को लेकर गांधी मैदान में तैयारियां तेज, 17 मार्च से आमलोगों की एंट्री बंद



**एजेंसी। पटना**

पटना के गांधी मैदान में ईद की नमाज और बिहार दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने ऐतिहासिक गांधी मैदान का निरीक्षण किया। इन दोनों आयोजनों को लेकर 17 मार्च से गांधी मैदान को आम जनता के लिए बंद किया गया है। पटना के गांधी मैदान में ईद की नमाज और बिहार दिवस समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गयी है। ईद की नमाज में 20 से 25 हजार लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। गेट नंबर 4,5,6,7,8,9,10 से नमाजी गांधी मैदान में नमाज पढ़ने के लिए प्रवेश करेंगे। तीन दिवसीय बिहार दिवस (22 से 24 मार्च) और ईद की तैयारी गांधी मैदान में साथ-साथ चल रही है। इसके लिए 17 मार्च से ईद की पूर्व संध्या तक गांधी मैदान आम लोगों के लिए बंद रहेगा। गांधी मैदान 17 मार्च से 24 मार्च तक बंद रहेगा। इन 8 दिनों तक मॉर्निंग एवं इवनिंग वॉकर्स एवं अन्य प्रयोजनों से आने वाले व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित है। पटना कमिश्नर ने यह आदेश जारी किया है। पटना के गांधी मैदान में 20 अथवा 21 मार्च को (चांद दिखने के अनुसार) ईद उल फितर की नमाज और 22-24 मार्च, 2026 को बिहार राज्य परियोजना परिषद्, पटना द्वारा बिहार दिवस समारोह-2026 का आयोजन किया जाना है। उक्त दोनों समारोह पटना के गाँधी मैदान में वृहद स्तर पर मनाया जाता है। उक्त दोनों आयोजन के लिए विभिन्न विभागों द्वारा गांधी मैदान में आवश्यक तैयारियां की जा रही है। जिसे लेकर यह व्यवस्था लागू की गयी है। ईद उल फितर की नमाज और बिहार दिवस समारोह के आयोजन को लेकर गांधी मैदान में आवश्यक तैयारियाँ की जा रही है। ईद उल फितर की नमाज अदा करने एवं बिहार दिवस समारोह-2026 के मद्देनजर सुरक्षा, विधि-व्यवस्था एवं पूर्व आवश्यक तैयारियों को लेकर पटना के गांधी मैदान को 17.03.2026 से 24.03.2026 तक मॉर्निंग एवं इवनिंग वॉकर्स तथा अन्य प्रयोजनों से आनेवाले व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णरूपेण सभी गतिविधियाँ बंद रहेगा। ईद उल फितर की नमाज एवं बिहार दिवस समारोह-2026 के आयोजन की पूर्व आवश्यक तैयारियां किये जाने के लिए केवल संबंधित पदाधिकारियों / कर्मियों के लिए गांधी मैदान, पटना में प्रवेश की अनुमति रहेगी।

## एक नजर

### मोतिहारी में निगरानी की बड़ी कार्रवाई, पीएचसी का बड़ा बाबू 10 हजार घूस लेते गिरफ्तार



**मोतिहारी।** मोतिहारी में निगरानी की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। विजिलेंस की टीम ने कल्याणपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के बड़ा बाबू रवि कुमार चतुर्वेदी को 10 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ दबोचा है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी कर्मचारी ने अपने ही स्वास्थ्य केंद्र के रिटायर्ड कर्मी भरत ठाकुर से जीपीएफ का लाभ दिलाने के एवज में 2 प्रतिशत कमीशन की मांग की थी। इसी क्रम में पहली किस्त के रूप में 10 हजार रुपये लेते समय निगरानी टीम ने उसे पकड़ लिया।यह कार्रवाई निगरानी डीएसपी विप्लव कुमार के नेतृत्व में की गई। टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है।

### करंट लगने से सफाईकर्मी की मौत, पूजा कार्यक्रम में साफ-सफाई के दौरान हुआ हादसा

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले के वीरपुर थाना क्षेत्र से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां करंट की चपेट में आने से एक सफाईकर्मी की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है, वहीं पूरे इलाके में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान वीरपुर थाना क्षेत्र के जगदर पंचायत, वार्ड संख्या-1 निवासी करीब 45 वर्षीय जयराम पासवान के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को उनके पड़ोस में पूजा-पाठ का कार्यक्रम आयोजित होना था। इसी को लेकर जयराम पासवान सुबह से ही साफ-सफाई के काम में जुटे हुए थे। वह कार्यक्रम स्थल के आसपास सफाई कर रहे थे, तभी अचानक पास से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के हाई टेंशन बिजली तार की चपेट में आ गए। करंट लगते ही वह गंभीर रूप से झुलसकर जमीन पर गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें उठाया और परिजनों को सूचना दी। आनन-फानन में परिजन और स्थानीय लोग उन्हें इलाज के लिए बेगूसराय शहर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत इलाज शुरू किया और उन्हें निगरानी में रखा गया। डॉक्टरों की लगातार कोशिशों के बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं हो सका। गंभीर रूप से झुलस जाने के कारण उनकी स्थिति नाजुक बनी रही। अंततः मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान जयराम पासवान ने दम तोड़ दिया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया जाता है कि जयराम पासवान मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी पत्नी शीला देवी जगदर पंचायत के वार्ड संख्या-1 की पंच हैं। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी मुख्य रूप से जयराम पासवान के कंधों पर ही थी। उनके परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। दोनों बेटियों की अभी शादी नहीं हुई है, जिससे परिवार की चिंता और भी बढ़ गई है।

# पटना में बिहार राजस्व सेवा अधिकारियों का महाजुटान अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखने का एलान




**एजेंसी। पटना**

पटना में जहां बिहार राजस्व सेवा के अधिकारियों का महाजुटान कॉन्क्लेव संपन्न हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने 9 मार्च से जारी सामूहिक अवकाश को अनिश्चितकाल तक जारी रखने का फैसला लिया है।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक (डिप्टी कलेक्टर लैंड रिफॉर्म्स) पद पर पुनः पदस्थापन नहीं किया जाता, तब तक हड़ताल समाप्त नहीं होगी। कॉन्क्लेव में यह भी कहा गया कि सरकार का हालिया कैबिनेट निर्णय पटना हाईकोर्ट के आदेश और संवर्ग नियमावली का उल्लंघन है, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। संघ ने 300 अधिकारियों के काम पर लौटने की खबर को पूरी तरह भ्रामक और गलत बताया है। अधिकारियों का कहना है कि आंदोलन पहले से अधिक मजबूत हो रहा है। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि सरकार उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं करती है, तो 100 प्रतिशत राजस्व अधिकारी इस आंदोलन में शामिल हो जाएंगे। बिहार बिहार राजस्व सेवा संघ और बिरसा यूनाइटेड संयुक्त मंच के तत्वावधान में आयोजित महाजुटान कॉन्क्लेव में सभी जिलों, निदेशालयों और मुख्यालयों के बिहार राजस्व सेवा (बि.रा.से.) के अधिकारियों ने अभूतपूर्व एकता का प्रदर्शन किया। इस कॉन्क्लेव में दिनांक 29 जनवरी 2026 के कैबिनेट निर्णय संख्या 23 एवं 30 (एवं शुद्धिपत्र 6) के विरोध में 9 मार्च 2026 से शुरू हुए सामूहिक अवकाश कार्यक्रम को जारी रखने का संकल्प दोहराया गया। इन निर्णयों के द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्ता (डी.सी.एल.आर.) के पद को बिहार राजस्व सेवा संवर्ग से हटाकर बिहार प्रशासनिक सेवा (बि.प्र.से.) के अधिकारियों द्वारा भरे जाने का प्रावधान किया गया है। यह निर्णय माननीय उच्च न्यायालय, पटना के द्वारा CWJC No. 5902/2024 में पारित आदेश और बिहार राजस्व सेवा संवर्ग नियमावली, 2010 का स्पष्ट उल्लंघन है। अधिकारियों ने सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया कि जब तक कैबिनेट इन अन्यायपूर्ण निर्णयों को वापस नहीं ले लेती और डी.सी.एल.आर. के पद को बिहार राजस्व सेवा संवर्ग में बहाल नहीं कर दिया जाता, और राजस्व सेवा के पदाधिकारियों का पदस्थापन नहीं किया जाता तब तक यह संघर्ष और सामूहिक अवकाश अनिश्चित काल तक जारी रहेगा। महाजुटान कॉन्क्लेव में पूरे बिहार से बिहार राजस्व सेवा के अधिकारियों ने भाग लिया, जो इन निर्णयों के सेवा वितरण और संवर्ग की अखंडता पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है। मंच ने इस बात पर जोर दिया कि यह निर्णय न केवल अनैतिक है, बल्कि यह राज्य की राजस्व प्रशासन प्रणाली की नींव को भी कमजोर करता है। यह कदम एक स्थापित संवर्ग संरचना को मनमाने ढंग से बदलने का एक खतरनाक उदाहरण प्रस्तुत करता है, जो एक वैधानिक प्रक्रिया (संवर्ग नियमावली, 2010) के माध्यम से बनाई गई थी। इसके अतिरिक्त, यह निर्णय माननीय उच्च न्यायालय के उस फैसले की सीधी अवमानना है, जिसमें यह आदेशित है कि बिहार राजस्व सेवा के पदाधिकारियों का पदस्थापन डी.सी.एल.आर. के पद पर अविलम्ब किया जाए। कार्यपालिका एक प्रशासनिक निर्णय के माध्यम से न्यायिक आदेश को निरस्त नहीं कर सकती है वो भी तब जबकि माननीय उच्च न्यायालय पटना में बाद संख्या CWJC No. 5902/2024 में पारित आदेश का अनुपालन नहीं करने के कारण अवमानना वाद संख्या टखउ 2380/2025 लम्बित है। डी.सी.एल.आर. के पद राजस्व प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण हैं और एक अलग सेवा के अधिकारियों की नियुक्ति, जिनके पास राजस्व मामलों में विशेष प्रशिक्षण और अनुभव की कमी हो सकती है, लोक सेवा वितरण की दक्षता और प्रभावशीलता पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी, जिससे आम नागरिकों को हानि होगी। इस कदम ने बिहार राजस्व सेवा के अधिकारियों के पूरे संवर्ग का मनोबल बुरी तरह से तोड़ दिया है, क्योंकि यह एक प्रमुख पदोन्नति के अवसर को छीनता है और उनकी सेवा का अवमूल्यन करता है। बिहार राजस्व सेवा संघ और बिरसा यूनाइटेड संयुक्त संघर्ष मंच के बारे में यह मंच स्थापित नियमों और अदालती फैसलों के अनुसार बिहार राजस्व सेवा के अधिकारियों के अधिकारों और संवर्ग की अखंडता की रक्षा के लिए समर्पित है। मंच राज्य सरकार से न्याय और संवर्ग नियमों को बनाए रखने के लिए तत्काल पुनर्विचार करने और विवादित कैबिनेट निर्णयों को तुरंत रद्द करने का आह्वान करता है। मंच सरकार एवं विभाग से यह आग्रह करता है कि राजस्व सेवा के पदों पर राजस्व सेवा के अधिकारियों का ही पदस्थापन किया जाए जिसकी शुरूआत डीसीएलआर एवं डीएलएओ के पदों पर पदस्थापन से की जाए। साथ ही मंच यह भी आग्रह करता है कि संघ के पदधारकों पर अनावश्यक कार्रवाई करने की बजाय समस्या के हल पर बल दिया जाये। मंच इस भ्रामक खबर का पुरजोर खण्डन करता है जिसमें करीब 300 अधिकारियों के अवकाश से वापस आने की बात कही जा रही है।

# छात्रा की संदिग्ध मौत पर बवाल, सांसद ने सम्राट चौधरी से की सीआईडी जांच की मांग



**एजेंसी। पटना**

छपरा में छात्रा का शव कुएं से मिलने के बाद मामला गरमाया। सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी ने गृह मंत्री से बात कर सीआईडी जांच की मांग की। सांसद ने कहा कि सीआईडी जांच से पूरे मामले की सच्चाई सामने आएगी और दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। छपरा में एक छात्रा का शव कुएं से मिलने के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। डेरनी थाना क्षेत्र में हुई इस घटना को लेकर स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी ने गंभीर चिंता जताई है। सांसद ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि इस मामले में अलग-अलग पक्षों के बयान सामने आ रहे हैं। ग्रामीण, परिजन और पुलिस–तीनों के बयान एक-दूसरे से मेल नहीं खा रहे हैं, जिससे घटना को लेकर संदेह की स्थिति बनी हुई है। इसी को देखते हुए उन्होंने सम्राट चौधरी (गृह मंत्री) से फोन पर बात कर मामले की जांच सीआईडी से कराने की मांग की है।सांसद ने कहा कि सीआईडी जांच से पूरे मामले की सच्चाई सामने आएगी और दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। साथ ही उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वे हर हाल में उनके साथ खड़े हैं। फिलहाल इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और लोग निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। सांसद राजीव प्रताप रूडी ने वीडियो जारी कर बताया कि 11 मार्च को हमारे सांसद कंट्रोल रूम में समाचार प्राप्त हुआ कि एक लड़की की मौत हो गयी है और कुछ आरोप लगाये गये। मैंने तुरंत एसपी से बात किया पौने पांच में पुलिस पहुंची। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने अपना अनुसंधान कर अपना प्रतिवेदन दिया। लेकिन लोगों का दावा है कि यह आपराधिक मामला है, लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ है। लोग इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। हमने गृह मंत्री सम्राट चौधरी से बात की और इस संबंध में पत्र लिखा है। इस मामले की जांच सीआईडी से कराने की मांग की है। इस पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सहमति दे दी है। अब इस मामले की जांच सीआईडी से हो जिसके बाद दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

# पटना के मसौढ़ी में मंदिर से करोड़ों की अष्टधातु मूर्तियां चोरी, 100 साल पुरानी प्रतिमाएं गायब



**एजेंसी। पटना**

पटना के मसौढ़ी अनुमंडल में भगवान के घर चोरी हो गयी। शाहाबाद पंचायत के छाता गांव स्थित राम-जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर में घुसकर अज्ञात बदमाशों ने करोड़ों रुपये मूल्य की अष्टधातु की प्राचीन मूर्तियां चोरी कर लीं। जिससे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, चोरों ने मंदिर के गर्भगृह का ताला तोड़कर भगवान राम, माता जानकी और लक्ष्मण की प्रतिमाएं गायब कर दीं। बताया जाता है कि ये मूर्तियां करीब 100 साल पुरानी थीं और जिसका कुल वजन करीब 45 किलो था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में चोरी हुई इन मूर्तियों की कीमत 7 से 8 करोड़ रुपये तक हो सकती है। भगवान की मूर्ति चोरी होने की घटना का पता सुबह उस समय चला जब मंदिर की महिला पुजारी जागीं और मंदिर का दरवाजा खुला पाया। अंदर जाकर देखने पर गर्भगृह से सभी मूर्तियां गायब थीं। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को सूचना दी, जिससे बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में इकट्ठा हो गए। मंदिर समिति के सचिव मुनदेव सिंह के बयान पर मसौढ़ी थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है।पुलिस आसपास के इलाकों में छानबीन कर रही है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इसे आस्था पर हमला बताते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और मूर्तियों की बरामदगी की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जल्द खुलासे की उम्मीद जताई जा रही है।

# पटना में नारकोटिक्स टीम पर हमला, पत्थरबाजी के बीच पुलिस की फायरिंग, एक आरोपी गिरफ्तार



**एजेंसी। पटना**

पटना में नारकोटिक्स टीम पर हमले की गंभीर घटना सामने आई है। चीना कोठी मंदिरी इलाके में छापेमारी के दौरान असामाजिक तत्वों ने पुलिस टीम को घेरकर पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राजधानी पटना के चीना कोठी मंदिरी इलाके में छापेमारी के दौरान नारकोटिक्स की टीम पर हमला किए जाने की घटना सामने आई है। इस दौरान असामाजिक तत्वों ने नारकोटिक्स की टीम को घेर लिया और पत्थरबाजी शुरू कर दी। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। बढ़ते तनाव के बीच पुलिस टीम को आत्मरक्षा में 4 राउंड फायरिंग करनी पड़ी। इस दौरान पुलिस टीम के दो जवानों को हल्की जोटें आई हैं। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। बताया जाता है कि इलाके में स्मैक बेचे जाने की सूचना मिलने के बाद नारकोटिक्स की पांच सदस्यीय टीम मंदिरी इलाके में एक संदिग्ध स्थान पर छापेमारी करने पहुंची थी। इसी दौरान पुलिस को देख असामाजिक तत्व के लोग और स्मैक के धंधे से जुड़े लोगों की भी उमड़ पड़ी। भीड़ इतनी उग्र हो गई कि पुलिस की टीम पर रोड़ेबाजी शुरू कर दी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बढ़ते तनाव के बीच पुलिस की टीम को आत्मरक्षा में 3 से 4 राउंड फायरिंग करनी पड़ी। इस दौरान दो जवानों को हल्की चोटें आई हैं। घटना के बाद इलाके में भय का माहौल है। हंगामे के बावजूद टीम ने आकाश धांगर नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य लोग मौके से फरार हो गये। हालांकि भीड़ के कारण टीम को वहां से सुरक्षित निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। गिरफ्तार आरोपी की मां सुनीता देवी ने पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनके बेटे को झूठा फंसाया गया है। उनके अनुसार, कुछ लोगों ने उसके पास नशीले पदार्थ का पैकेट रख दिया था, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। उन्होंने फायरिंग की घटना की भी पुष्टि की। घटना की सूचना मिलते ही बुद्धा कॉलोनी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। इसके बाद नारकोटिक्स टीम को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मौके से 54 पुड़िया स्मैक और 6700 कैश बरामद किया गया है। आरोपी पहले भी स्मैक बेचने के जुर्म में जेल जा चुका है।

# रामनवमी पर रात 2 बजे खुलेगा पटना के महावीर मंदिर का पट, नैवेद्यम को लेकर की गई खास तैयारी



**एजेंसी। पटना**

पटना के महावीर मंदिर में रामनवमी के अवसर पर 27 मार्च को रात 2 बजे से दर्शन शुरू होंगे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा, सफाई, पानी, शौचालय, मेडिकल और भीड़ नियंत्रण के व्यापक इंतजाम किए हैं।रामनवमी के अवसर पर 27 मार्च को पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर का पट रात 2 बजे ही खोल दिया जाएगा। पट खुलने के बाद 15 मिनट तक आरती होगी और उसके तुरंत बाद श्रद्धालुओं के दर्शन और प्रसाद चढ़ाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जो देर रात तक जारी रहेगा। मंगलवार को इस संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश जारी किए गए। रामनवमी के दिन मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। कतार में लगे भक्तों के लिए बैरिकेडिंग, धूप से बचाव के लिए छावनी, पर्याप्त रोशनी, पानी, शर्बत, मोबाइल शौचालय और मेडिकल कैंप की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, जगह-जगह एलईडी स्क्रीन लगाए जाएंगे, जिन पर लाइव पूजा का प्रसारण होगा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारें बनाई जाएंगी, जो वीर कुंवर सिंह पार्क से मंदिर तक जाएंगी। मंदिर परिसर के बाहर से लेकर वीर कुंवर सिंह पार्क तक कुल 15 नैवेद्यम लड्डू काउंटर लगाए जाएंगे। मंदिर के अंदर कोई काउंटर नहीं रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सरकारी सुरक्षा बलों के साथ-साथ 100 से 120 निजी सुरक्षा कर्मियों की भी तैनाती की जाएगी, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और किसी तरह की अव्यवस्था न हो। इस बार मंदिर प्रशासन ने 24 हजार किलो नैवेद्यम (लड्डू) तैयार करने का लक्ष्य रखा है। शुरूआत में 18 हजार किलो नैवेद्यम तैयार रहेगा और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त 6 हजार किलो और तैयार किया जाएगा। प्रशासन का लक्ष्य है कि रामनवमी के दिन मंदिर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बिना किसी परेशानी के सुगम और सुरक्षित दर्शन का अवसर मिल सके।

### अलग-अलग कतारें और लड्डू काउंटर

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारें बनाई जाएंगी, जो वीर कुंवर सिंह पार्क से मंदिर तक जाएंगी। मंदिर परिसर के बाहर से लेकर वीर कुंवर सिंह पार्क तक कुल 15 नैवेद्यम लड्डू काउंटर लगाए जाएंगे। मंदिर के अंदर कोई काउंटर नहीं रहेगा।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सरकारी सुरक्षा बलों के साथ-साथ 100 से 120 निजी सुरक्षा कर्मियों की भी तैनाती की जाएगी, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और किसी तरह की अव्यवस्था न हो।

# दिनदहाड़े लूट से सनसनी, हथियार के बल पर ट्रांसपोर्टर से लाखों की लूट, सीसीटीवी में कैद वारदात

**एजेंसी। पटना**

बिहार के सासाराम में अपराधियों के बढ़ते हौसले एक बार फिर सामने आए हैं। नगर थाना क्षेत्र के नवरत्न बाजार में दिनदहाड़े हथियार के बल पर एक ट्रांसपोर्टर से लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और स्थानीय लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, ट्रांसपोर्टर रोहित कुमार पोद्दार रेलवे गोदाम से मजदूरों का भुगतान करने के बाद अपने घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि उन्होंने मजदूरों को भुगतान कर दिया था और शेष राशि तथा अन्य जरूरी सामान लेकर अपने नवरत्न बाजार स्थित आवास की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे अपने घर के पास पहुंचे, पहले से घात लगाए बैठे करीब पांच अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सभी बदमाश हथियार से लैस थे और उनमें से एक ने रोहित कुमार पर पिस्तौल तान दी। अचानक हुए इस हमले से वह घबरा गए और विरोध करने की स्थिति में नहीं रहे। अपराधियों ने बेहद तेजी से उन्हें डराकर उनके पास मौजूद करीब एक लाख रुपये नकद, मोबाइल फोन और एलआईसी से जुड़े महत्वपूर्ण कागजात छीन लिए। बताया जा रहा है कि लूटी गई रकम ट्रांसपोर्ट के काम से संबंधित थी।